भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5011
01 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए

सैनिक स्कूलों के शिक्षकों का वेतन

5011. श्री एस.मुनिस्वामीः
श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्लेः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 33 सैनिक स्कूलों के शिक्षकों को वर्तमान में छात्रों की छात्रवृत्ति से वेतन दिया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ख) क्या मंत्रालय को जन प्रतिनिधियों से सैनिक स्कूलों के शिक्षकों के वेतन और पेंशन को छात्रों की छात्रवृत्ति निधि से अलग करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है;
(ग) उक्त सैनिक स्कूलों में वेतन और पेंशन को अलग शीर्ष के रूप में विचार करने में क्या प्रक्रियात्मक कठिनाइयाँ हैं;
(घ) क्या सरकार का इस मुद्दे के समाधान हेतु सैनिक स्कूल सोसायटी को शासित करने वाले कानूनों को बदलने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या मंत्रालय इन 33 सैनिक स्कूलों के शिक्षकों को गुमनाम नायकों के रूप में मान्यता देता है क्योंकि वे सशस्त्र बलों के लगभग 25 प्रतिशत प्रतिष्ठित और उच्च पदस्थ अधिकारियों को ढालते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): जी, नहीं । 33 सैनिक स्कूलों के शिक्षकों को छात्रों की छात्रवृत्ति में से वेतन नहीं दिया जा रहा है । पांचवें केन्द्रीय वेतन आयोग के स्तर पर शिक्षकों को कैडेटों से प्राप्त वार्षिक

शिक्षा-शुल्क से वेतन दिया जाता है । छठे और सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप वेतन में हुई बढ़ोतरी की व्यवस्था सैनिक स्कूल सोसायटी, रक्षा मंत्रालय द्वारा की जाती है ।

(ख से घ): जी, नहीं । किसी जन प्रतिनिधि की ओर से ऐसे कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुए हैं । इसके अलावा, वेतन और पेंशन शीर्षों को अलग करने के लिए ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(ङ): मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय के उत्कृष्टता पुरस्कारों के लिए सिफारिश करने के एक संरचित तंत्र के माध्यम से अपने छात्रों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले शिक्षकों को मान्यता के साथ देश के भावी नेता तैयार करने के लिए कैडेटों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने वाले सैनिक स्कूलों के महत्व को समझता है ।

*****